तापमान
अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
# वनांचल भूमि
रायपुर, गुरुवार 25 जून 2026

10 हायर सेकेंडरी स्कूल मयूर डोंगर में हर्षोल्लास ...



12 आपातकाल भारतीय लोकतंत्र का सबसे काला अध्याय





हरिभूमि
सुनहरा मौका
सुनिश्चित उपहार 2026
सामान्य कूपन
25 जून 2026
कूपन नं.
5

2011 से संचालित
शंकराचार्य
स्वामी स्वरूपानंद कॉलेज
ऑफ नर्सिंग, जुनवानी, भिलाई
B.C. NURSING
&
M.Sc. NURSING
प्रवेश के लिए संपर्क करें
मो.: 83193 47482
81030 45003
Website : ssscn.ac.in

## नक्सल मुक्त होते ही बस्तर के जंगल में वन्य प्राणियों के शिकार में कमी

### अब वन विभाग की चौकसी बढ़ने से वन्य जीवों के प्राकृतिक रहवास हो रहे सुरक्षित

हरिभूमि न्यूज : जगदलपुर

बस्तर के नक्सलमुक्त होने से वन्य जीवों का संरक्षण बेहतर हुआ है। वन्य प्राणियों के शिकार के प्रकरण कम हुए।

■ वन्य जीवों का संरक्षण हुआ बेहतर, वन विभाग की पहुंच हुई सुगम

अलग खबर

नक्सलियों के प्रभाव वाले क्षेत्रों के खाली होने से एक ओर जहां वन विभाग की पहुंच सुगम हुई है, वहीं दूसरी ओर बाहरी और संगठित शिकारियों द्वारा वन्य जीवों के शिकार की घटनाओं में वृद्धि भी देखी गई है। कई दुर्गम और प्रतिबंधित इलाकों में, जहां पहले अधिकारी नहीं जा पाते थे, अब वन विभाग और सुरक्षा बलों की चौकसी बढ़ने से वन्य जीवों के प्राकृतिक रहवास सुरक्षित हो रहे हैं।

अंदरूनी क्षेत्रों से ऐसे मामले सामने आए हैं जहां शिकारियों द्वारा जानवरों को फंसाने के लिए जंगलों में आग लगाई जाती है और जाल बिछाए जाते थे। वन विभाग के अनुसार बस्तर संभाग के बस्तर, सुकमा, दंतेवाड़ा एवं बीजापुर जिले के जंगल में वर्ष 2025 में चीतल के 3, हिरण का एक और वर्ष 2026 में अब तक एक वन्य प्राणियों के शिकार का प्रकरण दर्ज किया गया है।

#### शिकार रोकने की जा रही निगरानी

जगदलपुर वृत्त की मुख्य वन संरक्षक स्टायलो मंडावी ने बताया कि वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग द्वारा वन्यजीवों की सुरक्षा, खुले कुओं को बंद किया जा रहा है। अवैध शिकार को रोकने व अन्य कार्यों में सेटेलाइट, ड्रोन और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आधारित निगरानी का उपयोग शुरू किया गया है।



#### सामूहिक शिकार की प्रथा

बताया जा रहा है कि आदिवासी क्षेत्रों में उत्सवों और परंपराओं के नाम पर सामूहिक शिकार की प्रथा पारद अभी भी बस्तर में मौजूद है। इसके कारण वन्य जीवों की कुछ प्रजातियों पर खतरा लगातार बना हुआ है। बस्तर के अंदरूनी ग्रामीण अंचलों में आदिवासियों के प्रमुख शौक में शिकार करना शामिल है। वहीं आदिवासियों द्वारा मनाए जाने वाले अमुस त्यौहार के दौरान बस्तर में सभी ग्रामवासी शिकार प्रथा में जाते हैं। वन्यजीवों का शिकार कर देवी देवताओं को अर्पित करते हैं।

### चोरी के जेवरात खरीदने वाला गीदम का जौहरी हिरासत में

## पांच शातिर चोर गिरफ्तार 11 लाख के जेवरात बरामद

परपा व लोहण्डीगुड़ा थाना क्षेत्र में चोरी की वारदातों को दिया था अंजाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

सप्ताहभर पूर्व लोहण्डीगुड़ा व परपा थाना क्षेत्र में हुई चोरी की वारदातों का खुलासा करते हुए पुलिस ने सोने के जेवरात खरीदने वाले सोनार समेत पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से 11 लाख रूपए से अधिक के जेवरात, नगद व बाइक बरामद किया गया है।

पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक थाना लोहण्डीगुड़ा के ग्राम तारागांव तथा थाना परपा के ग्राम धरमाउर के सुने मकान से अज्ञात चोरों द्वारा चोरी की घटनाओं को अंजाम दिया गया था। तारागांव निवासी प्राथीर्या भगवती सरकार ने लोहण्डीगुड़ा थाना में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि 15 जून की रात उनके सूने मकान का ताला तोड़कर अज्ञात चोर घर मे रखे सोने एवं चांदी के जेवर और नकदी रकम चोरी कर ले गया है। रिपोर्ट दर्ज होने के बाद चोरी की घटनाओं को गंभीरता से लेते हुए एसपी शलभ कुमार सिन्हा के नेतृत्व में अलग- अलग टीम गठित की गई थी। लोहण्डीगुड़ा निरीक्षक रवि बैगा एवं थाना प्रभारी परपा मो तारिक के नेतृत्व में टीम गठित की थी। टीम द्वारा घटनास्थल व आस पास का सीसीटीवी फुटेज की जांच करने के बाद सदेंही रूद्रांचल ठाकुर 29 वर्ष निवासी तारागांव खास पारा थाना लोहण्डीगुड़ा को हिरासात में लेकर पूछताछ करने पर आरोपी द्वारा अपने मेमोरण्डम कथन में बताया कि अपने साथी कृष्णा शेट्टी एवं अविनाश स्वामी के साथ मिलकर चोरी करने के इरादे से थाना लोहण्डीगुड़ा के तारागांव तथा थाना परपा ग्राम धरमाउर के सुने मकान में ताला तोड़कर चोरी किये हैं। चोरी की वारदातों को अंजाम देने के बाद आरोपियों ने अपने परिचित अजय व्यापारी के जरिये चुराए गए सोना एवं चांदी के आभूषण को अपने जान पहचान के गीदम निवासी सोनार संतोष सोनी को बेच दिए।



#### गिरफ्तार आरोपियों में यह शामिल

*पुलिस ने गिरफ्तार आरोपियों के कब्जे से सोने-चांदी के आभूषणों व सोने-चांदी के गलाये गए सोना कुल कीमत 11 लाख 19 हजार एवं नकदी 5 हजार रूपए तथा एक बिना नंबर का पल्सर मोटर सायकल बरामद कर जब्त किया। गिरफ्तार आरोपियों में कृष्णा सेट्ठी निवासी शिव मंदिर के पास गीदम जिला दन्तेवाड़ा, अविनाश स्वामी निवासी बस स्टेण्ड भट्ठी पारा दन्तेवाड़ा, रूद्रांचल ठाकुर निवासी तारागांव खास पारा थाना लोहण्डीगुड़ा, अजय व्यापारी निवासी हाउरनार हाईस्कूल मैदान के पास गीदम तथा सोनार संतोष सोनी निवासी मिनी माता वार्ड, गीदम पीडब्ल्यू पारा जिला दन्तेवाड़ा शामिल है। आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया जहां से उन्हें न्यायिक रिमाण्ड में जेल भेजा दिया है।*

## सहकारिता से आत्मनिर्भर बनेगा भारत घर-घर पहुंचाएं शासकीय योजनाएं : केदार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

सहकारिता मंत्रालय भारत सरकार की स्थापना के पांच वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर 29 जून से 6 जुलाई तक आयोजित होने वाले "सहकारी सप्ताह" के सफल आयोजन और व्यापक जनभागीदारी सुनिश्चित करने के लिए सहकारिता मंत्री केदार कश्यप ने संभाग स्तरीय वर्चुअल बैठक ली। बैठक में सहकारिता आंदोलन को मजबूत करने और ग्रामीण क्षेत्रों तक इसकी पहुंच बढ़ाने को लेकर विस्तृत चर्चा हुई। बैठक में जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित की ओर से बैंक अध्यक्ष दिनेश कश्यप बैंक मुख्यालय से एवं उपाध्यक्ष श्रीनिवास मिश्रा सुकमा नोडल कार्यालय से वर्चुअल माध्यम से जुड़े। इसके साथ सहकारिता विभाग के वरिष्ठ अधिकारी एवं विभिन्न सहकारी संस्थाओं के प्रतिनिधि भी वर्चुअल बैठक में सम्मिलित हुए। बैठक में मंत्री कश्यप कहा कि सहकारिता केवल आर्थिक सशक्तिकरण का माध्यम नहीं, बल्कि सामाजिक समावेशन, ग्रामीण विकास और आत्मनिर्भर भारत की मजबूत नींव है। मंत्री ने सभी संस्थाओं से अधिक से अधिक लोगों को ▶▶| शेष पेज 10 पर

■ सहकारी सप्ताह के जरिए गांव गांव पहुंचेगा सहकारिता का संदेश

#### जागरुकता कार्यक्रम किए जाएं आयोजित

*मंत्री कश्यप ने निर्देश दिए कि सहकारी सप्ताह के दौरान प्राथमिक कृषि साख समितियां पैक्स/लैम्प्स , वनोपज, दुग्ध, मत्स्य एवं बहुउद्देशीय सहकारी समितियां अपने-अपने क्षेत्रों में विविध गतिविधियां और जनजागरुकता कार्यक्रम आयोजित करें। ताकि सहकारिता आंदोलन को जन-जन तक पहुंचाया जा सके।*

### खबर संक्षेप

#### कर्मा विश्वविद्यालय में पीएचडी प्रवेश परीक्षा होगी 4 जुलाई को

**जगदलपुर।** शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर में विभिन्न विषयों के पी-एच.डी प्रोग्राम में प्रवेश हेतु 4 जुलाई को प्रवेश परीक्षा आयोजित होगी। परीक्षा विश्वविद्यालय के कालीपुर परिसर के बीएड बिल्डिंग में प्रातः 11 बजे से दोपहर एक बजे के बीच होगी। आवेदक परीक्षा हेतु प्रवेश पत्र विवि के वेबसाइट से डाऊनलोड कर सकते हैं। नेट जेआरएफ, सहायक प्राध्यापक पीएचडी ओनली क्वालीफाई आवेदक को प्रवेश परीक्षा देने की आवश्यकता नहीं है।

#### शालाओं की दयनीय स्थिति को तत्काल सुधारा जाए : नवनीत



**जगदलपुर।** बस्तर अधिकार मुक्ति मोर्चा एवं जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ (जे) ने बस्तर संभाग की शिक्षा व्यवस्था को लेकर चिंता व्यक्त करते शासन से उच्च स्तरीय जांच एवं कार्यवाही की मांग की है। मुख्य संयोजक नवनीत चांद ने जारी बयान में कहा कि हजारों शिक्षकीय पद रिक्त हैं, सैकड़ों विद्यालय एकल शिक्षक संचालित हो रहे हैं तथा अनेक विद्यालय जर्जर अथवा भवनविहीन हैं। यह स्थिति केवल प्रशासनिक विफलता नहीं बल्कि शिक्षा का अधिकार अधिनियम के विपरीत है। उन्होंने प्रश्न उठाया कि जब बस्तर देश को खनिज और वन संपदा में राजस्व प्रदान कर रहा है, तब आदिवासी बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा से क्यों वंचित रखा जा रहा है। शिक्षा योजनाओं पर करोड़ों रुपये खर्च होने के बावजूद विद्यालयों की वास्तविक स्थिति चिंताजनक क्यों है। उन्होंने मांग की है कि 6201 रिक्त शिक्षकीय पदों पर विशेष भर्ती अभियान चलाया जाए, जर्जर एवं भवनविहीन विद्यालयों का तकनीकी ऑडिट कराया जाए। उन्होंने कहा कि 30 दिनों के भीतर प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई तो जनआंदोलन प्रारंभ करेंगे।

## महारानी अस्पताल का गौरवशाली इतिहास स्टाफ इसके गौरव के अनुरूप करें काम : छिकारा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक सुदृढ़, पारदर्शी और मरीज-हितैषी बनाने के उद्देश्य से कलेक्टर आकाश छिकारा द्वारा मंगलवार को महारानी जिला अस्पताल का सघन निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने अस्पताल की ऐतिहासिक महत्ता पर विशेष बल देते हुए कहा कि महारानी अस्पताल का अपना एक बेहद गौरवशाली इतिहास रहा है, इसलिए यहाँ तैनात सभी चिकित्सक, अधिकारी और अन्य स्टाफ इसके गौरव और प्रतिष्ठा के अनुरूप ही पूरी निष्ठा एवं सेवाभाव से कार्य करें। इस दौरान उन्होंने अस्पताल के विभिन्न वार्डों, आपातकालीन सेवाओं और प्रशासनिक व्यवस्थाओं का बारीकी से जायजा लिया तथा मरीजों को बेहतर चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराने के संबंध में निर्देश दिए। कलेक्टर ने अस्पताल के लगभग हर महत्वपूर्ण विभाग का सघन मुआयना किया। उन्होंने आपातकालीन कक्ष, हेल्प डेस्क, आयुष्मान कक्ष, बाह्य रोग विभाग पंजीयन कक्ष, दवा वितरण कक्ष और ईसीजी कक्ष जैसी प्राथमिक सेवाओं को देखा। इसके बाद वे सघन चिकित्सा एवं सर्जरी से जुड़ी इकाइयों आईसीयू, ▶▶| शेष पेज 10 पर

■ कलेक्टर ने किया जिला अस्पताल का औचक निरीक्षण



#### मरीजों से लिया इलाज का फीडबैक

कलेक्टर ने निरीक्षण के दौरान संवेदनशीलता के साथ विभिन्न वार्डों में भर्ती मरीजों और उनके परिजनों से सीधा संवाद किया। उन्होंने मरीजों से अस्पताल द्वारा दिए जा रहे इलाज, दवाओं की निःशुल्क उपलब्धता और ड्यूटी पर तैनात स्टाफ के व्यवहार के संबंध में विस्तृत फीडबैक लिया। मरीजों से बातचीत के बाद उन्होंने अस्पताल प्रबंधन को व्यवस्थाओं में और अधिक सुधार लाने के लिए महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश दिए।

#### जगतू माहरा शासकीय स्कूल का जल्द बदलेगा स्वरूप

**जगदलपुर।** जगतू माहरा शासकीय बहुउद्देशीय विद्यालय याने बस्तर हाईस्कूल के जीर्णोद्धार के लिए 1 करोड़ 50 लाख स्वीकृत की गयी है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक किरण देव के पहल पर स्वीकृत मिली है। विद्यालय के शताब्दी वर्ष में उनकी मांग पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय एवं शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव ने राशि की स्वीकृति दी है। उन्होंने मुख्यमंत्री एवं शिक्षा मंत्री का आभार माना है। किरण देव ने बताया कि विद्यालय के 100 वर्ष पूर्ण होने पर राशि की मांग की गई थी। इस विद्यालय में बस्तर संभाग के अनेक विद्यर्थियो ने अध्धयन कर आज बड़े मुकाम पर पहुंच कर बस्तर का नाम रोशन किया है। इस राशि से शाला का बेहतर रुप से जीर्णोद्धार व विकास कार्य कराए जायेंगे।



## देश में आपातकाल लगाने के कलंक की दोषी है कांग्रेस : सांसद

लोकतंत्र की हत्या करने वाली पार्टी की काली करतूत को हर नागरिक को जानना चाहिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

कांग्रेस द्वारा देश में लोकतंत्र की हत्या कर जबरिया थोपे गए आपातकाल की 51 वीं बरसी भारतीय जनता पार्टी मना रही है। आपातकाल भारत के लोकतांत्रिक ईतिहास का ऐसा कलंक है, जिसे कांग्रेस के अत्याचारी शासन में देश व देशवासियों ने भोगा है। आपातकाल के संबंध में आज देश के प्रत्येक युवा व नागरिकों को जानना चाहिए।

उक्त बातें भाजपा कार्यालय में बुधवार को आयोजित पत्रवार्ता में भारतीय जनता पार्टी के बस्तर सांसद महेश कश्यप ने कही। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की तात्कालीन प्रधानमंत्री स्वर्गीय इंदिरा गांधी ने 25 जून 1975 को महज अपनी सत्ता बचाने के लिए देश को आपातकाल की कैद में डाल दिया था। लागातार 19 महीने चले आपातकाल में नागरिकों को बोलने की स्वतंत्रता नहीं थी, समाचार पत्रों में निष्पक्ष लिखने की स्पष्ट मनाही थी, लाखों लोगों को रातो-रात जेलों की सीखचों के पीछे बंद कर दिया गया था। जिसने ▶▶| शेष पेज 10 पर

■ आपातकाल की 51वीं बरसी पर भाजपा का हमला



#### कांग्रेस ने छीन लिए थे मौलिक अधिकार

सांसद कश्यप ने कहा कि आपातकाल के उस दौर में देश के उन कठिनतम समय की कल्पना तक हन नहीं कर सकते कि देश के एक- एक नागरिक के मौलिक अधिकार तक कांग्रेस ने छीन लिए थे। आज उसी कांग्रेस के नुमांईदे देश के लोकतंत्र को बचाने की दुहाई देकर ओछी राजनीति करने से बाज नहीं आ रहे। कांग्रेस के आपातकाल के कलंक को भारतीय जनता पार्टी काला दिवस कहती है और कांग्रेस द्वारा संविधान की हत्या मानती है। देश व समग्र देशवासियों को कांग्रेस ऐसी काली और जघन्य करतूत की जानकारी होनी चाहिए।

### महारानी अस्पताल के कायाकल्प के लिए 7 करोड़ से अधिक का प्रस्ताव तैयार

## बस्तर के मरीजों को मिलेगी सुपर-स्पेशलिटी सुविधाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

जिला महारानी अस्पताल की स्वास्थ्य व्यवस्थाओं को बेहतर एवं गुणवत्तापूर्ण बनाने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम उठाया गया है। मंगलवार को अस्पताल के शहीद गुण्डाधुर सभाकक्ष में महारानी अस्पताल जीवन दीप समिति की बैठक आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता कलेक्टर एवं समिति के अध्यक्ष आकाश छिकारा ने की। बैठक में सहायक कलेक्टर यशवंत नायक, सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक डॉ. संजय प्रसाद और मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजय बसाक सहित जिले के विशेषज्ञ चिकित्सक और अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक के दौरान बस्तर संभाग के दूर-दराज से आने वाले गरीब मरीजों को जगदलपुर में ही सुपर-स्पेशलिटी स्तर का इलाज मुहैया कराने के उद्देश्य से जिला खनिज संस्थान न्यास के अंतर्गत अस्पताल के उन्नयन और आधुनिकीकरण के लिए 7 करोड़ एक लाख रुपये का प्रस्ताव तैयार किया गया है। जिसके तहत अस्पताल के बुनियादी ढांचे से लेकर गंभीर बीमारियों के इलाज के लिए उपयोग होने वाली आधुनिक चिकित्सा उपकरणों तक हर स्तर पर बड़े बदलाव की तैयारी की जा रही है। इस प्रस्ताव के अंतर्गत अस्पताल की अधोसंरचना और सुरक्षा को सुदृढ़ करने के लिए कई जनहितैषी निर्णय लिए गए हैं, जिसके ▶▶| शेष पेज 10 पर



#### धन्वंतरी दवा केंद्र का अनुबंध होगा खत्म

स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक पारदर्शी और प्रभावी बनाने के लिए समिति ने एक बड़ा फैसला लेते हुए मेसर्स चांडक द्वारा संचालित धन्वंतरी दवा केंद्र का अनुबंध जून 2026 में पूर्ण होने के बाद आगे नहीं बढ़ाए जाने की अनुशंसा की है। इसके अतिरिक्त शासन द्वारा अनुबंधित कंपनी एचएलएल को अटल आरोग्य लैब के अंतर्गत शीघ्र ही माइक्रोबायोलॉजी विभाग प्रारंभ करने के कड़े निर्देश दिए गए हैं।

#### तय समय में पूरे करें काम

बैठक के अंत में कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि इन सभी स्वीकृत और प्रस्तावित कार्यों को पूरी गुणवत्ता के साथ तय समय-सीमा के भीतर पूर्ण किया जाए, ताकि स्थानीय व ग्रामीण जनता को त्वरित और उच्च स्तरीय स्वास्थ्य लाभ मिल सके। इस बैठक में जिला कार्यक्रम प्रबंधक डॉ. रीना लक्ष्मी, अस्पताल सलाहकार डॉ. एनके ओझा सहित अस्पताल के वरिष्ठ चिकित्सक मौजूद थे।

अग्रसेन प्रा. आई.टी.आई
ITI KANKER
Affiliated By : N.C.V.T & D.G.E.T.
New Delhi (Govt. of India)
भारतीय सेना में कार्यरत/ भूतपूर्व सैनिकों के परिवार एवं दिव्यांग छात्र-छात्राओं के लिए संपूर्ण फीस में 25 % की छूट
REGISTRATION OPEN
• ELECTRICIAN 2 Year (10th Pass)
गढ़ पिछवाड़ी रोड, कांकेर, (छ.ग.)
89595-93930 • 89595-44444

## खबर संक्षेप



### केन्द्रीय जेल की जांच में मिला 14 ग्राम गांजा

जगदलपुर। प्रशासनिक अमले के औचक निरीक्षण में केन्द्रीय जेल के बैरक नम्बर सात के करीब 14 ग्राम गांजा लावारिस अवस्था में मिला। बरामद गांजा की अनुमानित कीमत 7 सौ रुपए आंकी गयी है। जेल प्रशासन की ओर से अज्ञात आरोपी के खिलाफ मामले की रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। मिली जानकारी के अनुसार रविवार रात अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी अपनी टीम के साथ जेल का औचक निरीक्षण करने पहुंचे थे। इसी दौरान सेंट्रल जेल परिसर के पुरुष बैरक नंबर-7 के पास तलाशी के दौरान एक संदिग्ध पैकेट मिला। जांच करने पर उसमें 14.1 ग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा पाया गया जिसकी अनुमानित कीमत करीब 7 सौ रुपये बताई जा रही है। जेल परिसर में मादक पदार्थ की बरामदगी को जेल प्रशासन गंभीरता से लेते हुए जांच कर रही है। वहीं सीसीटीवी फूटेज भी खंगाला जा रहा है, जेल में गांजे की पुड़िया कैसे पहुंची इसका जल्द खुलासा होने की संभावना है।

### प्राकृतिक आपदा पीड़ितों के वारिसों को 12 लाख की सहायता स्वीकृत

कोण्डागांव। कलेक्टर श्रीमती नुपुर राशि पन्ना ने प्राकृतिक आपदा से प्रभावित तीन परिवारों के वारिसों को कुल 12 लाख रुपये की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की है। केशकाल तहसील के ग्राम एटेकोन्हाड़ी निवासी बृजबती की पानी में डूबने से मृत्यु होने पर उनके वारिसों को 4 लाख रुपये की सहायता राशि प्रदान की गई। माकड़ी तहसील के ग्राम छत्तौड़ी निवासी मंगलराम की सर्पदंश से मृत्यु होने पर उनके वारिस को 4 लाख रुपये की आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई। धनोरा तहसील के ग्राम चुरेगांव–कोरगांव निवासी विक्षा की पानी में डूबने से मृत्यु होने पर उनकी माता को 4 लाख रुपये की सहायता राशि प्रदान की गई। कलेक्टर कार्यालय ने स्वीकृत सहायता राशि संबंधित वारिसों के बैंक खातों में शीघ्र हस्तांतरित करने के निर्देश संबंधित तहसीलदारों को दिए हैं।

# विधायक लता ने 7.50 करोड़ के 42 विकास कार्यों का किया भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोण्डागांव

बस्तर विकास प्राधिकरण की उपाध्यक्ष एवं कोंडागांव विधायक सुश्री लता उसेंडी ने जिले के विभिन्न ग्राम पंचायतों में लगभग 7.50 करोड़ रुपये की लागत से स्वीकृत 42 विकास कार्यों का भूमिपूजन कर ग्रामीण विकास को नई दिशा दी। इस दौरान बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, अधिकारी–कर्मचारी और ग्रामीण मौजूद रहे। भूमिपूजन कार्यक्रम के पहले चरण में चिखलपुटी, कुकाड़गारपाल, बड़ेकनेरा, बड़ेबेंदरी और छोटे भिरावंड ग्राम पंचायतों में 166.72 लाख रुपये की लागत से 19 विकास कार्यों का शुभारंभ किया गया। इनमें सामुदायिक भवन, सीसी सड़क, विद्यालय भवन, अतिरिक्त कक्ष, अटल डिजिटल सुविधा केंद्र, शेड, रंगमंच तथा स्नानघाट निर्माण जैसे कार्य शामिल हैं। दूसरे चरण में चलका, किवईबालेंगा और आसपास के गांवों में 583.69 लाख रुपये की लागत से 23 विकास कार्यों का भूमिपूजन किया गया। इनमें नारायणपुर रोड से चलका तक 4.50 किलोमीटर सड़क निर्माण का 420.77 लाख रुपये का प्रमुख कार्य शामिल है। ग्रामीणों के अनुसार यह सड़क लंबे समय से क्षेत्र की प्रमुख मांग थी। पहले नक्सल प्रभावित होने के कारण दोपहर बाद इस क्षेत्र में आवाजाही कठिन मानी जाती थी, लेकिन अब हालात बदल चुके हैं। इसी का प्रतीक रहा कि शाम करीब 5 बजे चलका में वृहद भूमिपूजन कार्यक्रम आयोजित हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीण, जनप्रतिनिधि और अधिकारी शामिल हुए। कार्यक्रम के दौरान जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि पर उनके छायाचित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

## कोंडागांव में विकास की नई रफ्तार, गांवों में हो रहा काम



### पुलिया, पेयजल, स्कूल, डिजिटल सुविधाओं का भी होगा विस्तार

*स्वीकृत कार्यों में सड़क निर्माण के अलावा पुलिया, उचित मूल्य दुकान, विद्यालय भवन, पेयजल योजना, रंगमंच तथा सीसी सड़क निर्माण जैसी कई आधारभूत विकास परियोजनाएं भी शामिल हैं, जिनसे क्षेत्र के लोगों को प्रत्यक्ष लाभ मिलने की उम्मीद है।*

### मोदी सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की दी जानकारी

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक लता उसेंडी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पिछले 12 वर्षों के दौरान संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में सड़क, शिक्षा, पेयजल और सामुदायिक सुविधाओं का विस्तार सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। उन्होंने कहा कि इन परियोजनाओं के पूरा होने से गांवों के समग्र विकास को नई गति मिलेगी।

**आयोजन : नवप्रवेशी विद्यार्थियों का तिलक, पुष्पगुच्छ और तालियों से आत्मीय स्वागत**

# हायर सेकेंडरी स्कूल मयूर डोंगर में हर्षोल्लास से मनाया गया संकुल एवं शाला स्तरीय प्रवेशोत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोण्डागांव



शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल मयूर डोंगर में संकुल एवं शाला स्तरीय प्रवेशोत्सव का आयोजन अत्यंत उत्साह, गरिमा और भव्यता के साथ किया गया। इस अवसर पर कक्षा पहली, छठवीं एवं नवमी में प्रवेश लेने वाले नवप्रवेशी छात्र छात्राओं का तिलक लगाकर, फूलों के गुलदस्ते भेंट कर और गर्मजोशी से स्वागत किया गया। विद्यालय परिसर में बच्चों और उनके अभिभावकों के खिले चेहरे कार्यक्रम की सफलता और उल्लास को दर्शा रहे थे। प्रवेश उत्सव के दौरान विद्यार्थियों को शासन की योजना के तहत निरूशुल्क पाठ्यपुस्तकों का वितरण किया गया। साथ ही दो जोड़ी स्कूली गणवेश भी प्रदान किए गए, जिससे बच्चों में नए सत्र को लेकर विशेष उत्साह देखने को मिला। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि जनपद सदस्य सुंदर बती सोरी ने नवप्रवेशी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए नियमित रूप से विद्यालय आने, अनुशासन का पालन करने और शिक्षा के माध्यम से अपने उज्ज्वल भविष्य का निर्माण करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने बच्चों को आशीर्वाद देते हुए कहा कि शिक्षा ही जीवन की सबसे बड़ी पूंजी है। विशिष्ट अतिथि एवं ग्राम पंचायत मयूर डोंगर के सरपंच जय लाल नेताम ने विद्यार्थियों को लगन और मेहनत के साथ अध्ययन करने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि आज के विद्यार्थी ही कल के जिम्मेदार नागरिक बनेंगे, इसलिए शिक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देना आवश्यक है। संकुल समन्वयक दुर्गा शंकर दीवान ने इस अवसर पर विभिन्न विद्यालयों में नवप्रवेशी विद्यार्थियों की संख्या बढ़ाने के लक्ष्य पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने सभी बच्चों को मन लगाकर अध्ययन करने और विद्यालय का नाम रोशन करने का आशीर्वाद दिया। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ व्याख्याता यशवंत देवांगन द्वारा किया गया। उनके कुशल संचालन ने समारोह को अनुशासित, रोचक और प्रेरणादायी बनाए रखा। प्रवेश उत्सव के दौरान उपस्थित विद्यार्थियों, अभिभावकों एवं अतिथियों के लिए चाय–नाश्ते की व्यवस्था की गई। कार्यक्रम की समाप्ति के बाद सभी के लिए सामूहिक भोजन का आयोजन भी किया गया। इस आत्मीय आतिथ्य की सभी ने सराहना की।

■ नवप्रवेशी बच्चों को मिला नि:शुल्क पुस्तकें और दो जोड़ी गणवेश

### उत्सव ने बढ़ाया बच्चों और अभिभावकों का उत्साह

संपूर्ण कार्यक्रम में उत्साहपूर्ण वातावरण बना रहा। नवप्रवेशी विद्यार्थियों का सम्मानपूर्वक स्वागत, शैक्षणिक सामग्री का वितरण और प्रेरणादायी संबोधनों ने बच्चों में विद्यालय के प्रति अपनापन और पढ़ाई के प्रति नई ऊर्जा का संचार किया। अभिभावकों ने भी इस आयोजन की प्रशंसा करते हुए इसे बच्चों के भविष्य के लिए प्रेरक पहल बताया।

### शिक्षा जीवन का सबसे बड़ा चमत्कारः प्राचार्य

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे प्राचार्य जमील खान ने अपने प्रेरक संबोधन में कहा कि जिस प्रकार जीवन के लिए भोजन, जल और वायु अनिवार्य हैं, उसी प्रकार जीवन में सफलता और प्रगति के लिए शिक्षा अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने शिक्षा को वर्तमान समय का सबसे बड़ा चमत्कार बताते हुए बच्चों और अभिभावकों से विद्यालय से निरंतर जुड़े रहने का आह्वान किया।

### ये रहे उपस्थित

आयोजन में संस्था के समस्त छात्र छात्राएं, पालकगण, ग्रामीणजन, श्रीमती रीता प्रधान, सुषमा पात्र, सारिका कश्यप, कु. दुलेश्वरी दर्रो, हेमंत देहारी, संजीव तालुकदार, उमाकांत दीवान, राजू राम मरकाम, तुलेश्वर नाग, चंद्रा रेखा ध्रुव, जय मनी सोरी, कौशल्या साहू, रामप्रसाद, भारत देवांगन तथा विद्यालय का संपूर्ण स्टाफ कार्यक्रम की सफलता में सहभागी बना।

# बारिश की पहली फुहार में ही उखड़ने लगी नई सीसी सड़क

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरसगांव



नगर पंचायत के वार्ड क्रमांक 14 पासंगी में हाल ही में निर्मित सीसी सड़क हल्की बारिश के बाद ही जगह-जगह से टूटने और धंसने लगी है। सड़क में दरारें पड़ने और किनारों के क्षतिग्रस्त होने से वार्डवासियों में नाराजगी है। लोगों ने ठेकेदार पर गुणवत्ताहीन निर्माण कार्य करने तथा नगर पंचायत के जिम्मेदार अधिकारियों पर उचित निरीक्षण नहीं करने का आरोप लगाया है। स्थानीय लोगों के अनुसार करीब 400 मीटर लंबी सड़क का निर्माण कार्य अब तक अधूरा है। सड़क के दोनों ओर सुरक्षा वाल बनाया जाना था, लेकिन एक ओर ही वाल बनाया गया है, जबकि दूसरी तरफ दो माह पहले गड्ढा खोदकर छोड़ दिया गया है। लोगों का कहना है कि बने हुए वाल की ऊंचाई भी सड़क से कम है, जिसके कारण बारिश का पानी बहने से सड़क किनारे की मिट्टी कटने लगी है और सड़क को नुकसान पहुंच रहा है। वार्ड पार्षद विनोद पांडे ने बताया कि सोहन मानिकपुरी के खेत से सिदेश सेठिया के खेत तक बनी सड़क पर अभी तक केवल दोपहिया वाहन ही चले हैं, इसके बावजूद सड़क टूटने लगी है। उन्होंने आरोप लगाया कि निर्माण के दौरान कई बार गुणवत्ता सुधारने की मांग की गई, लेकिन ठेकेदार ने ध्यान नहीं दिया। सड़क के एक हिस्से में वाल निर्माण अधूरा छोड़ देने से संबंधित किसान को भी खेती-किसानी में परेशानी हो रही है। खेत मालिक सोहनदास मानिकपुरी ने बताया कि वाल निर्माण के लिए उनके खेत के किनारे गड्ढा खोदा गया था, लेकिन दो माह बाद भी काम पूरा नहीं हुआ। इस संबंध में नगर पंचायत अधिकारियों को कई बार जानकारी देने के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं हुई है। मामले में नगर पंचायत के सब इंजीनियर गौरव साव ने बताया कि सड़क निर्माण कार्य अभी पूर्ण नहीं हुआ है। ताजा मिट्टी होने के कारण कुछ स्थानों पर सड़क धंस गई है। संबंधित ठेकेदार को अधूरे वाल निर्माण के लिए नोटिस जारी किया गया है और क्षतिग्रस्त हिस्से की मरम्मत कराई जाएगी। वहीं सीएमओ मयंक बसंतवानी ने कहा कि सड़क निर्माण कार्य अभी अधूरा है। निर्माण में जहां भी कमियां हैं, उन्हें ठेकेदार से सुधार कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि कार्य का भुगतान भी अभी नहीं किया गया है।

# ईसाई धर्म छोड़, आदिवासी रीति- रिवाज को अपनाएं, नहीं तो छोड़ें गांव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारायणपुर



जिले के भरण्डा गांव में धर्मांतरण को लेकर चल रहे विवाद ने नया मोड़ ले लिया है। आदिवासी समुदाय की ग्रामसभा में मतांतरित परिवारों को एक माह का समय देते हुए प्रस्ताव पारित किया गया है। ग्रामसभा में कहा गया कि संबंधित परिवार यदि ईसाई धर्म का पालन छोड़कर पुनः आदिवासी रीति-रिवाज एवं परंपराओं को नहीं अपनाते हैं, तो उन्हें गांव छोड़ना पड़ सकता है। जानकारी के अनुसार, पिछले करीब एक माह से धर्मांतरण के मुद्दे को लेकर गांव में दो पक्षों के बीच तनाव की स्थिति बनी हुई है। विवाद को देखते हुए प्रशासन और पुलिस लगातार हालात पर नजर बनाए हुए हैं। स्थिति की संवेदनशीलता को देखते हुए गांव में बाहरी व्यक्तियों की आवाजाही पर विशेष निगरानी रखी जा रही है। पुलिस बल की तैनाती बढ़ा दी गई है और गांव के चप्पे-चप्पे पर सुरक्षा जवान तैनात हैं ताकि किसी भी अप्रिय घटना को रोका जा सके। प्रशासन ने लोगों से शांति बनाए रखने और कानून-व्यवस्था का पालन करने की अपील की है। सरपंच सुखलू करंगा भरंडा ने कहा कि इस संबंध में निर्णय लिया गया है।

# डीजल खर्च का हिसाब मांगने पर ट्रक चालक ने साथियों संग तलवार से किया जानलेवा हमला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर



नगरनार थाना क्षेत्र स्थित सेमरा पेट्रोल पम्प के करीब बीती रात हुई ट्रक चालकों व मालिकों के बीच हुई खूनी झड़प में दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। तलवार से जानलेवा हमला करने वाले आरोपियों में छह को गिरफ्तार कर लिया गया है। तीन फरार आरोपियों की तलाश की जा रही है। जानकारी के मुताबिक जगदलपुर से रायपुर गई ट्राला में हुए डीजल खर्च का हिसाब मांगने पर ट्रक ड्राइवर ने साथियों के साथ मिलकर अपने ही मालिक पर जानलेवा हमला कर दिया। इस मामले में नगरनार पुलिस आधा दर्जन आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। पूरी वारदात का सीसीटीवी फूटेज में उपद्रव की तस्वीर सामने आई है जिसमें मारपीट व हगांमे होते हुए देखा जा सकता है।

वारदात नगरनार थाना क्षेत्र के अंतर्गत सेमरा पेट्रोल पंप और भाऊ ढाबा के पास डीजल के खर्च को लेकर उपजे विवाद के बाद हुआ। दोनों ओर से विवाद इतना बढ़ा कि मौके पर मौजूद ट्रक चालकों ने एक राय होकर ट्रक मालिक आदित्य भदौरिया व दिव्यांश भदौरिया पर जानलेवा हमला कर दिया। घटना की रिपोर्ट दर्ज कराते हुए आदित्य ने पूरी वारदात पुलिस को बताई। मामले की गंभीरता को देखते हुए एसपी शलभ कुमार सिन्हा के निर्देश पर तत्काल मौके पर पहुंची नगरनार पुलिस द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए घटना में शामिल आधा दर्जन आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। इस हमले में आदित्य व दिव्यांश भदौरिया घायल हो गए जिन्हें पुलिस की मदद से अस्पताल में भर्ती कराया गया है जहां उनका उपचार जारी है। नगरनार टीआई सतोंष सिंह ने बताया कि मामले में भारतीय न्याय संहिता की धारा 109, 296, 115(2), 61(2) व आर्म्स एक्ट की धारा 25, 27 के तहत मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई कर रही है।

■ हमले में दो घायल, आधा दर्जन आरोपी गिरफ्तार भेजे गए जेल

### खर्च का हिसाब मांगना महंगा पड़ा

बताया जा रहा है कि आदित्य भदौरिया व उसके भाई को ट्रक चालक बलजीत ने पेट्रोल पम्प पर हिसाब करने बुलाया था। हिसाब पूछने पर 23 हजार की जगह 28 हजार का हिसाब ट्रक चालक द्वारा दिया गया। पांच हजार अधिक खर्च बताने पर दोनों के बीच विवाद शुरू हो गया। हिसाब पूछना ट्रक चालक को इतना नागवार गुजरा। बलजीत ने अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर तलवार से हमला कर दिया।

### गिरफ्तार व फरार आरोपियों में यह शामिल

नगरनार पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए कुड ही घंटे में वारदात में शामिल आरोपी बलवीर, हरजीत, विशाल कुमार, सुखदेव, सलमान खान व विकास मसीह को गिरफ्तार कर लिया। इन आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया जहां से उन्हें न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेजा गया। वहीं हमले में शामिल फरार आरोपी बलजीत, लवदीप एवं रजिन्दर सिंग की तलाश की जा रही है। इस सबंध में एएसपी महेश्वर नाग से सम्पर्क का प्रयास किया गया लेकिन उन्होंने कॉल रिसीव नहीं किया।

### महिला सशक्तिकरण केंद्र संविदा पदों पर भर्ती स्थगित

कोण्डागांव। महिला एवं बाल विकास विभाग कोण्डागांव द्वारा जिला स्तरीय महिला सशक्तिकरण केंद्र के लिए प्रस्तावित संविदा भर्ती प्रक्रिया को अपरिहार्य कारणों से स्थगित कर दिया गया है। भर्ती प्रक्रिया के अंतर्गत निम्न पदों के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए थे जेंडर विशेषज्ञ, वित्तीय साक्षरता एवं समन्वय विशेषज्ञ, आई.टी. असिस्टेंट इन पदों के लिए 09 जुलाई सायं 5:30 बजे तक रजिस्टर्ड डाक अथवा स्पीड पोस्ट के माध्यम से आवेदन आमंत्रित किए गए थे।

**समक्ष श्रीमान अनुविभागिय अधिकारी (र.)**
**नारायणपुर जिला नारायणपुर**

**नाम परिवर्तन हेतु शपथ -पत्र**

मैं रोहित दीवान पिता संपत दीवान उम्र- 31 वर्ष, निवासी-बेनूर तहसील व जिला नारायणपुर राज्य छ.ग.-494661 का हूं। शपथपूर्वक निम्न कथन करता हूँ कि
1. यह कि मैं ग्राम बेनूर तहसील व जिला नारायणपुर छ.ग. 494661 का/ की निवासी हूं।
2. यह कि मेरे पुत्र का नाम हुमेश दीवान **HUMESH DIWAN** हैं। जो सत्य व सही है एवं उसके नाम से जारी जन्म प्रमाण पत्र में अंकित है।
3. यह कि मेरे पुत्र के नाम से आधार कार्ड क्रमांक **9142 0750 4910** जारी हुआ है। जिसमें मेरे पुत्र का नाम कुमेश दीवान **KUMESH DIWAN** लिखा गया है। जिसे मैं सुधरवाकर अपने पुत्र का नाम हुमेश दीवान **HUMESH DIWAN** लिखवाना चाहता हूं।
4. यह कि यह शपथ पत्र मेरे पुत्र के परिचय पत्र आधार कार्ड एवं सभी शासकीय अर्द्धशासकीय दस्तावेजों अन्य अभिलेखों में मेरे पुत्र का नाम हुमेश दीवान **HUMESH DIWAN** अंकित किये जाने बाबत शासकीय गजट में नाम परिवर्तन करने हेतु प्रकाशन किये जाने के समर्थन में प्रस्तुत है।

**शपथकर्ता**

सत्यापनः–
मैं रोहित दीवान पिता संपत दीवान उम्र- 31 वर्ष, निवासी-बेनूर तहसील व जिला नारायणपुर राज्य छ.ग. 494661 शपथकर्ता यह सत्यापित करता हूं कि शपथ पत्र बयान की कुल कंडिका क्रमांक 1 से 4 तक दी गई समस्त जानकारी मेरी निजी ज्ञान व विश्वास से सही व सत्य है। अतः आज दिनांक 24/06/2026 को स्थान नारायणपुर में पढ़कर व समझकर अपना हस्ताक्षर किया हूं। **रोहित दीवान**
**शपथकर्ता**

# नैनो उर्वरक और आधुनिक खेती से किसान लक्ष्मी सोढ़ी की बढ़ी आय



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोण्डागांव

ग्राम उमरगांव के किसान लक्ष्मी सोढ़ी ने आधुनिक कृषि तकनीकों और नैनो उर्वरकों का उपयोग कर खेती को अधिक लाभकारी बनाया है। किसान लक्ष्मी सोढ़ी अपनी चार एकड़ भूमि में धान, मक्का एवं अन्य फसलों की खेती कर बेहतर उत्पादन प्राप्त कर रहे हैं। नैनो यूरिया और नैनो डीएपी के प्रयोग से फसलों की वृद्धि बेहतर हुई है तथा उत्पादन में उल्लेखनीय बढ़ोतरी दर्ज की गई है। कम मात्र में उपयोग होने वाले नैनो उर्वरकों से खेती की लागत घटी है और फसल की गुणवत्ता में भी सुधार देखने को मिला है। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत मिलने वाली आर्थिक सहायता से कृषि कार्यों के लिए आवश्यक संसाधन जुटाने में मदद मिल रही है। लक्ष्मी सोढ़ी ने किसानों से आधुनिक तकनीकों, उन्नत कृषि पद्धतियों और वैज्ञानिक सलाह को अपनाकर सीमित भूमि में भी बेहतर उत्पादन हासिल करने की अपील की।

# केशकाल में जल जंगल यात्रा 27 को, पंजीयन प्रक्रिया प्रारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ केशकाल

नगर की प्रसिद्ध एक दिवसीय जल-जंगल यात्रा क्षेत्रीय विधायक नीलकंठ टेकाम के नेतृत्व में 27 जून को होगी। उल्लेखनीय है कि आयोजन ट्रेकिंग को बढ़ावा देने अभियान शुरू किया गया। ट्रैकिंग में छात्र छात्राओं से लेकर व्यवसायी, आम नागरिक और जड़ी बूटियों के जानकार वैद्य भी शामिल होंगे। जानकारी के मुताबिक ट्रेकिंग 27 जून क्रो सुबह 6 बजे केशकाल के बायपास निर्माण क्षेत्र से आरंभ होगा। जिसको लेकर पंजीयन आरम्भ हो चुका है जो ऑनलाइन के माध्यम से होगा। आयोजन में केशकाल के विभिन्न जंगलों में घूमने के साथ ही वैद्यों द्वारा जंगल में पाई जाने वाली जड़ी-बूटियों से लोगों को परिचित कराया जायेगा। बता दें कि क्षेत्र के जंगलों में जलप्रपात के सौंदर्य के साथ ही ट्रेकिंग की अपार संभावनाएं हैं।। यह इलाका पुरातत्व से भी भरा हुआ है। वनमंडल केशकाल द्वारा इसे जल-जंगल यात्रा के रूप में जोड़ कर आकर्षक बनाया जा रहा है। लोगों को इससे जुड़ने का मौका मिलेगा।



## पेज 9 के शेष

### सहकारिता से आत्मनिर्भर ....

सहकारिता से जोड़ने और किसानों, ग्रामीणों व आमजन के हित में संचालित योजनाओं की जानकारी घर-घर पहुंचाने का आह्वान किया। जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित, जगदलपुर द्वारा भी सहकारी सप्ताह के दौरान विभिन्न समितियों के माध्यम से जनजागरुकता कार्यक्रम, सहकारी गतिविधियां और योजनाओं का प्रचार-प्रसार कर सहकारिता की उपलब्धियों को आमजन तक पहुंचाने की व्यापक तैयारी की जा रही है।

### महारानी अस्पताल का ....

सर्जिकल गहन चिकित्सा इकाई, ऑपरेशन थियेटर, एक्स-रे कक्ष, डायलिसिस इकाई तथा बर्न एवं ट्रामा इकाई की व्यवस्थाओं को परखा। मातृ-शिशु स्वास्थ्य सेवाओं को सुचारू बनाए रखने के उद्देश्य से उन्होंने कादम्बिनी मातृ शिशु देखभाल केंद्र, प्रसव पूर्व देखभाल वार्ड, प्रसव पश्चात देखभाल वार्ड, प्रसूति ऑपरेशन थियेटर कॉम्प्लेक्स, शिशु रोग विभाग तथा नवजात एवं शिशु गहन चिकित्सा इकाई का भी विशेष रूप से निरीक्षण किया। इसके साथ ही उन्होंने नेत्र रोग विभाग अम्बक और फिजियोथैरेपी विभाग का भ्रमण कर वहाँ मिल रही सुविधाओं की जानकारी ली। इस दौरान सहायक कलेक्टर यशवंत नायक, सिविल सर्जन डॉ. संजय प्रसाद, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजय बसाक, जिला कार्यक्रम प्रबंधक डॉ. रीना लक्ष्मी, अस्पताल सलाहकार डॉ. एनके ओझा सहित अस्पताल के वरिष्ठ चिकित्सक मौजूद रहे।

ओपीडी में भीड़ रोकने टोकन सिस्टम लागू करें : कलेक्टर ने ओपीडी और पंजीयन काउंटरों पर लगने वाली भीड़ को नियंत्रित करने के लिए निर्देशित किया कि भीड़ प्रबंधन हेतु सभी मरीजों को जारी पर्ची में नंबर (टोकन) दर्ज किया जाए, उन्हें बैठने की उचित व्यवस्था दी जाए और नंबर के अनुसार ही क्रमबद्ध तरीके से डॉक्टरों के कक्ष में प्रवेश दिया जाए। वहीं नेत्र रोग विभाग के निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्देशित किया कि क्षेत्र के सभी चिन्हांकित दृष्टिदोष से पीड़ित लोगों को अनिवार्य रूप से नेत्रोपचार से लाभांवित करना सुनिश्चित किया जाए।

### देश में आपातकाल ...

भी सरकार के विरूद्ध आवाज उठाई, उसे तत्काल गिरफतार किया जाता था। एक तानाशाही शासन कैसे होता है, यह कांग्रेस ने अपनी सरकार चलाने के लिए किया। पत्रवार्ता के दौरान प्रमुख रूप से भाजपा प्रदेश प्रवक्ता शिवनारायण पाण्डे, सुधीर पाण्डे, योगेन्द्र पाण्डे, रामाश्रय सिंह, आर्येन्द्र सिंह आर्य, परीसराम बेसरा, निगम अध्यक्ष खेमसिंह देवांगन, प्रकाश झा, राजेन्द्र बाजपेई, कृष्ण कुमार शुक्ला, दिनेश केजी, ब्रिजेश शर्मा मौजूद रहे।

### बस्तर के मरीजों को....

तहत अस्पताल परिसर में वर्तमान में उपयोग की जा रही पुरानी पद्धति की हाई-टेंशन एवं लो-टेंशन विद्युत लाइनों को बदला जाएगा। बारिश के मौसम में स्पार्किंग और फॉल्ट होने के कारण सीटी स्कैन, एक्स-रे और वेंटिलेटर जैसी अति-आवश्यक मशीनों के खराब होने की आशंका को देखते हुए जेडीएस मद से इन पुरानी केबलों को हटाकर आधुनिक एबी केबल लगाई जाएगी, जिससे शॉर्ट सर्किट और करंट लीकेज की समस्या से पूरी तरह निजात मिल सकेगी। इसके साथ ही सीटी स्कैन मशीन के पुराने हो चुके बैटरी बैकअप को अपग्रेड करते हुए वहां 100 एएच की 32 नई बैटरियां लगाने और ब्लड बैंक सेंटर द्वारा आयोजित होने वाले आउटडोर कैंपों के लिए नए फोल्डेबल डोनर काउच खरीदने की अनुमति भी प्रदान की गई है। अस्पताल का मुख्य भवन 100 वर्ष से अधिक पुराना हो जाने के कारण इसकी मरम्मत को बेहद आवश्यक माना गया है। जिसके तहत बारिश में पानी के रिसाव को रोकने के लिए छत की मरम्मत कराई जाएगी और आंतरिक दीवारों व सीढ़ियों पर आकर्षक वॉल टाइल्स लगाई जाएंगी।



# भारती विश्वविद्यालय, दुर्ग

BHARTI VISHWAVIDYALAYA DURG, CG

29 YEARS Legacy in Education

**प्रवेश प्रारंभ : 2026-27 | SHAPING FUTURES, DELIVERING CAREERS | ADMISSIONS OPEN: 2026-27**

''भारती-ग्रुप'' पिछले 29 वर्षो से विभिन्न संकायों का सफलतापूर्वक संचालन कर रहा है। विकसित छत्तीसगढ़ @2047 के लक्ष्य को पाने के लिए भारती विश्वविद्यालय, दुर्ग शिक्षा, कौशल और नवाचार के क्षेत्र में अपना महत्वपूर्ण योगदान प्रदान कर, राज्य में आवश्यकता के अनुसार नये-नये पाठ्यक्रम संचालित कर युवाओ को उच्च-शिक्षा कम-खर्च / कम-फीस में प्रदान कर रहा है। आगे इसी लक्ष्य को पुरा करते हुये अध्ययन प्राप्त कर चुके, लगभग सभी विद्यार्थियों को प्लेसमेंट प्रदान कर रही है। इनकी योग्यता, कौशल एवं रुचि के अनुसार छत्तीसगढ़ सहित अन्य राज्यो की कई बड़ी-बड़ी कंपनियों में चयनित होकर कार्यरत है तथा कई बड़े रूप में स्व-रोजगार स्थापित कर लोगों को रोजगार प्रदान कर रहे है। जिससे हमारी संस्था के साथ-साथ अपने अभिभावकों का नाम गौरवान्वित कर रहे है, यही हमारी संस्था का मुख्य उद्देश्य है, जिसे निरंतर आगे बनाये रखेंगे इसी विश्वास के साथ ...

**लॉ (कानून)-** लॉ एजुकेशन में बीए एलएलबी, बीकॉम एलएलबी, इंटीग्रेटेड लॉ 5 वर्षीय पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु शैक्षणिक योग्यता 12वीं उत्तीर्ण। एलएलबी 3 वर्षीय, प्रवेश के लिए किसी भी संकाय में स्नातक एवं एलएलएम 2 वर्षीय, प्रवेश के लिए एलएलबी उत्तीर्ण होना आवश्यक है। लॉ उत्तीर्ण होने के बाद अपने कैरियर बनाने के कई विकल्प हैं जिसमें से न्यायपालिका, वकालत, कानूनी सलाहकार के रूप में कैरियर बनाने का सुनहरा अवसर प्राप्त होता है, इसके अतिरिक्त वे कॉर्पोरेट सेक्टर, वित्तीय संस्थानों, इनकम टैक्स विभाग, लेखा एवं लेखा परीक्षा विभाग, मानव संसाधन, रियल एस्टेट, मीडिया, बैंकिंग और बीमा क्षेत्रों में भी कार्य कर अपना उज्जवल भविष्य बना सकते हैं।

**ज्ञान, कौशल और सफलता की कुंजी है पॉलिटेक्निक / इंजीनियरिंग / एमटेक**

हमारे छत्तीसगढ़ शासन औद्योगिक एवं तकनीकी विकास की दिशा में भारत की पहली सेमीकंडक्टर चिप निर्माण कंपनी पॉलीमेटेक इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड के साथ ही देश एवं विदेश की कई कम्पनियों के साथ समझौता को बढ़ावा दे रही है एवं कई बड़ी-बड़ी कम्पनियो के निवेश से तकनीकी क्षेत्र में अध्ययन कर रहे विद्यार्थियो को राज्य में ही रोजगार के नये अवसर प्राप्त हो रहे हैं। पॉलिटेक्निक 3 वर्षीय प्रवेश हेतु 10वीं उत्तीर्ण, बी.टेक 4 वर्षीय, प्रवेश हेतु 12वीं उत्तीर्ण होना आवश्यक है। विद्यार्थी सिविल, मैकेनिकल, इलेक्ट्रिकल, इलेक्ट्रॉनिक्स, कंप्यूटर साइंस, इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी तथा इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन जैसे विषयों में प्रवेश लेकर गहन तकनीकी प्रशिक्षण प्राप्त कर सकते है। यह कोर्स विद्यार्थियों को अनुसंधान, डिजाइन, विकास, प्रोजेक्ट मैनेजमेंट और इंडस्ट्री में विविध तकनीकी जिम्मेदारियों के लिए तैयार करता है। इंजीनियरिंग की डिग्री प्राप्त करने के बाद विद्यार्थी विभिन्न क्षेत्रो में रोजगार प्राप्त कर सकते हैं जैसे निर्माण कंपनियां, सूचना प्रौद्योगिकी कंपनियां, इलेक्ट्रॉनिक्स उद्योग, ऑटोमोबाइल, पावर प्लांट्स, स्टार्टअप्स, सरकारी विभाग, अनुसंधान संस्थान, और शिक्षण संस्थान में रोजगार एवं स्व-रोजगार का अवसर मिलेगा।

Afft. to Ayush University, Raipur
• BAMS (Bachelor of Ayurvedic Medicine and Surgery) • B.Sc. (Nursing)

Afft. to IGKV, Raipur
• B.Tech Agri. • B.Sc. Agri.

**प्रथम दीक्षांत समारोह में उपस्थित डॉक्टरेट उपाधि प्राप्तकर्ता**




भारती विश्वविद्यालय मे बीए, बीकाम, बीएससी डिप्लोमा एवं लगभग सभी स्नातक एवं स्नातकोत्तर कोर्सेस सेमेस्टर प्रणाली में संचालित किये जा रहे है। विद्यार्थियों का रुझान एवं राज्य में कोर्सेस की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुये कई नये-नये विषयों मे शिक्षा प्रदान किया जा रहा है। विद्यार्थीयों को सिलेबस के विस्तृत ज्ञान की प्राप्ति एवं प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता प्राप्त करने के उद्देश से सेमेस्टर प्रणाली में अध्ययन के साथ-साथ IAS, IPS, IES, IFS, IRS, SSC, CGPSC/State Public Service Commission तथा अन्य सभी केंद्रीय एवं राज्य स्तरीय प्रतियोगी परीक्षाओं में उत्कृष्ट सफलता सुनिश्चित करने हेतु इसकी तैयारी निःशुल्क प्रदान की जा रही है।

**Law**
• B.A. LLB • LLB
• B.Com LLB • LLM

**Engineering**
M. Tech. / B.Tech. / Polytechnic
• CSE • Civil
• ET&T • Mechanical
• Electrical
(Regular / Working Professionals with Flexible Time)

**Education**
• D.El.Ed. • B.Ed. • M.Ed.

**Public Health**
• MPH (Master of Public Health)

**Rural Studies**
• Bachelor (BRS) • Master (MRS)

**Physical Education**
• Bachelor of Physical Education and Sports (B.P.E.S.)*
• Masters of Physical Education and Sports (M.P.E.S.)*

**Social Work**
• Diploma (DSW) • Bachelor (BSW) • Master (MSW)

**Pharmacy**
• D. Pharma • B. Pharma
• M. Pharma

**Science**
• B.Sc (Hons)/M.Sc
• Forensic Science • Chemistry • Maths
• Computer Sceince • Physics • Zoology
• Animation & Visual Effects • Botony
• Microbiology • Biotechnology
• Home Science • IT

**Arts/ Commerce & Management**
• BBA • MBA
• Hospital Mgt. • Financial Mgt
• Marketing Mgt. • Human Resource Mgt.
• B.A.(Hons)/ M.A
• Psychology • English • Sociology
• Yoga • Hindi • Sanskrit • Economics
• History • Geography • Political Science
• B.Com.(Hons) • M.Com
• B.Stat • M.Stat
• DCA • BCA • PGDCA

**Library Science**
• M.Lib • B.Lib • D.Lib

**Diploma Courses (1year)**
• Forensic Science • Digital Marketing
• Yoga Science • Nutrition & Dietetics
• Interior Design • Multimedia & Graphic Animation
• Fashion Design
• Cyber Crime

**Ph.D. Available in all Major Subjects**

**फॉरेंसिक साइंस-** भारती विश्वविद्यालय न केवल दुर्ग, बल्कि पूरे छत्तीसगढ़ में कानून व्यवस्था, न्यायिक प्रक्रिया और फॉरेंसिक अनुसंधान के क्षेत्र में शिक्षा का एक मजबूत केंद्र बनकर उभरा है। बीएससी फॉरेंसिक साइंस(ऑनर्स) 3+1 वर्षीय (डिग्री+अनुसंधान)में प्रवेश हेतु गणित अथवा विज्ञान विषय में 12वीं उत्तीर्ण एवं एमएससी फॉरेंसिक साइंस 2 वर्षीय, प्रवेश हेतु बीएससी गणित/जीवविज्ञान, फार्मेसी, इंजीनियरिंग के साथ स्नातक होना अनिवार्य है। इस विषय से छात्रों को अपराध अनुसंधान, डीएनए विश्लेषण, फिंगरप्रिंट तकनीक, क्राईम सीन इन्वेस्टिगेशन, साइबर सिक्योरिटी और टॉक्सीकोलॉजी जैसे आधुनिक कौशलों में प्रशिक्षित होने का ज्ञान प्राप्त होगा। डिग्री प्राप्त होने के बाद अपराध जाँच में वैज्ञानिक सबूतो के बढ़ते महत्व के कारण सरकारी और निजी दोनों क्षेत्रों में फॉरेंसिक साइंस के क्षेत्र में नौकरी के सबसे ज्यादा अवसर हैं, फॉरेंसिक साइंस के विद्यार्थी देश-विदेश के फॉरेंसिक शिक्षण संस्थानों में प्राध्यापक एवं फॉरेंसिक एक्सपर्ट के रूप में कार्य करते हैं। सरकारी विभागों जैसे सेंट्रल एवं स्टेट फॉरेंसिक साइंस लैब, गृह विभाग, पुलिस, इंटेलिजेंस और क्रिमिनल इन्वेस्टिगेशन से संबंधित अन्य खुफिया एजेंसियों में फॉरेंसिक साइंस का विशेष महत्व है। साइकोलॉजी, क्रिमिनोलॉजी और साइबर सिक्योरिटी जैसे समकालीन विषयों में स्नातक, स्नातकोत्तर एवं डिप्लोमा पाठ्यक्रम संचालित किये जा रहे हैं, जो विद्यार्थियों को एक सशक्त कैरियर एवं रोजगार के अवसर प्रदान करते हैं।

**फॉरेंसिक से जुड़े अपने सपनों को दीजिए एक नई उड़ान...**

**''फार्मेसी ज्ञान और सेवा का संगम''**

डी. फार्मेसी 2 वर्ष का डिप्लोमा कोर्स एवं बी.फार्मेसी 4 वर्षीय स्नातक पाठ्यक्रम है जिनमें प्रवेश हेतु 12वीं उत्तीर्ण होना अनिवार्य है। फार्मेसी विज्ञान और मानव स्वास्थ्य के बीच एक सेतु है, जो कि ना केवल दवाओं की गुणवत्ता और प्रभाव को सुनिश्चित करता है, बल्कि रोगों की रोकथाम और इलाज में अहम भूमिका निभाता है। आज की तेज रफ्तार जीवनशैली, बदलती स्वास्थ्य समस्याएं, और नई-नई बीमारियों के बढ़ते प्रकोप के चलते फार्मेसी क्षेत्र में कुशल और प्रशिक्षित पेशेवरों की मांग निरंतर बढ़ रही है। यह कोर्स अनुसंधान, शिक्षण, उद्योग और सरकारी विभागों में उन्नत कैरियर के लिए मार्ग प्रशस्त करता है। जिसमें विद्यार्थियों को फार्मास्युटिकल विज्ञान की मूलभूत जानकारी, दवा निर्माण, ड्रग डिजाइन, फार्माकोलॉजी, हर्बल ड्रग्स और क्लिनिकल फार्मेसी जैसे विषयों में गहन प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है। इस कोर्स के अध्ययन से विद्यार्थियों को अनुसंधान, निर्माण, गुणवत्ता नियंत्रण, और फार्मास्युटिकल इंडस्ट्री में विभिन्न जिम्मेदारियों के लिये तैयार होते है। फार्मेसी के डिग्री प्राप्त करने के बाद छात्र सरकारी और निजी अस्पतालों, क्लीनिकों, इसके अलावा स्वरोजगार के लिए मेडिकल स्टोर भी प्रारंभ कर सकते हैं।

**PLACEMENT SELCTION 2026**



TOP RECRUITERS: WIPRO LTD. | ASHOK L bY LAYAM GROUP | JINDAL ELECTRICAL | HCL INFOSYSTEMS Ltd. | TATA CONSULTANCY SERVICES | L & T CONSTRUCTION | SUZUKI MOTORS | MAHINDRA & MAHINDRA Ltd. | CAPGEMINI INDIA PVT. LTD. | ULTRATECH CEMENT | SUZLON ENERGY LTD. | BOC INDIA LTD. | DHOOT TRANSMISSIONS | ADVIK HIGH TECH Pvt. Ltd. | HIRA POWER & STEEL | MAINTEC TECHNOLOGIES | IDBI BANK LIMITED | JUST DIAL LIMITED





6232221101/ 02/ 03/ 04/ 05/ 06/ 07

www.bhartiuniversity.org
bhartiuniversity.in@gmail.com





**SUN PUBLIC SCHOOL**
A CBSE NEW Delhi, affiliated School
ADMISSIONS OPEN
*Day Boarding School*
Hostel Facility Available from 6th to 12th Class
NURSERY TO 12TH CBSE
ENGLISH MEDIUM
9109186601, 9109186607

**सन प्राइवेट आई.टी.आई.**
भारत सरकार (NCVT & DGT) एवं छ.ग. शासन द्वारा मान्यता प्राप्त
विशेषताएं: • उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम • अनुभवी शिक्षक • आधुनिक टूल्स एवं मशीनों द्वारा ट्रेनिंग • छात्रवृत्ति की सुविधा • हॉस्टल की सुविधा
प्रवेश प्रारंभ
• इलेक्ट्रीशियन • फिटर } 2 वर्ष
• कोपा • स्टेनो (हिन्दी) } 1 वर्ष
9589158888, 9109186606

# गांव के विकास की दिशा तय करने ग्रामसभा में बड़ी संख्या में पहुंचे लोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मददेड

ग्राम पंचायत मददेड़ में आज आयोजित ग्राम सभा में गांव के सर्वांगीण विकास से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत

■ घर-घर कचरा कलेक्शन से सड़क-नाली तक बरसात से पहले होंगे सभी काम पूरे

चर्चा की गई। ग्राम सभा में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लेकर अपने सुझाव और समस्याएं रखीं। बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना, रोजगार सृजन, सड़क निर्माण, गली-रोड मरम्मत, मुरूमीकरण, स्ट्रीट लाइट, बरसाती नालियों के निर्माण तथा जल निकासी व्यवस्था को बेहतर बनाने जैसे जनहित के मुद्दों पर विचार-विमर्श किया गया।

केंद्र एवं राज्य सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी ग्रामीणों को दी गई। इस दौरान प्रधानमंत्री आवास योजना के पात्र हितग्राहियों के चयन एवं लाभ वितरण पर चर्चा की गई। वहीं नई स्वच्छता पहल के

## पीएम आवास, स्वच्छ भारत, रोजगार पर बनी सहमति



तहत घर-घर से कचरा संग्रहण की योजना पर भी विचार किया गया, जिसके अंतर्गत पंचायत द्वारा सप्ताह में निर्धारित दिनों पर घरों से कचरा एकत्र कर गांव को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने का प्रयास किया जाएगा। बैठक में श्रम कार्ड शिविर आयोजित करने, अधिक से अधिक श्रमिकों को सरकारी योजनाओं से जोड़ने तथा युवाओं के लिए रोजगार के अवसर बढ़ाने पर भी जोर दिया गया। ग्रामीणों ने गांव में आधारभूत सुविधाओं के विस्तार एवं विकास कार्यों को प्राथमिकता देने की मांग रखी। ग्राम सभा की अध्यक्षता बीरा महेश ने की।

इस अवसर पर ग्राम पंचायत की सरपंच शारदा सैंड्रा, उपसरपंच श्याम बाबू चित्तापुरी, ग्राम सचिव मिरंजा खान, समस्त वार्ड पंच, स्व-सहायता समूह की महिलाएं, ग्राम के महिला-पुरुष, युवक-युवतियां एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। ग्राम सभा में विकास कार्यों को लेकर ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता निभाई और गांव के उज्ज्वल भविष्य के लिए अपने सुझाव प्रस्तुत किए।

## खबर संक्षेप

### 1 से 7 जुलाई तक जिले में चलेगा पौधारोपण अभियान

**दंतेवाड़ा।** जिले में हरित आवरण बढ़ाने एवं पर्यावरण संरक्षण को जन आंदोलन का स्वरूप देने के उद्देश्य से 1 जुलाई से 7 जुलाई तक वृहद पौधरोपण अभियान संचालित किया जाएगा। इस दौरान जिले में 1 लाख पौधों के रोपण का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी जयंत नाहटा ने सभी जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों-कर्मचारियों, स्व-सहायता समूहों, विद्यार्थियों एवं आम नागरिकों से अभियान में बढ़-चढ़कर भाग लेने की अपील की है। सीईओ ने बताया कि जिले के चारों विकासखंडों दंतेवाड़ा, गीदम, कटेकल्याण एवं कुआकोण्डा में कुल 34 स्थलों का चयन कर व्यापक स्तर पर पौधरोपण की तैयारी की गई है। ग्राम पंचायत भवन, विद्यालय परिसर, आंगनबाड़ी केंद्र, पोटा केबिन, आश्रम-छात्रावास, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी), प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) तथा अन्य शासकीय कार्यालयों एवं सार्वजनिक परिसरों में पौधरोपण किया जाएगा।

### शिविर में गर्भवती महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण



**बस्तर।** केशरपाल में गर्भ प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र केशरपाल में 24 जून को गर्भवती महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित किया गया। शिविर में 41 गर्भवती माताओं की निशुल्क जांच की गई। प्रभारी चिकित्सा अधिकारी हेमंत कु यादव ने बताया कि जांच के दौरान बीपी, शुगर, वजन, सिकलिंग, मलेरिया, ब्लड ग्रुप, एचआईवी, पेशाब जांच, हीमोग्लोबिन और अल्ट्रासाउंड जैसी आवश्यक जांचें की गईं। उच्च जोखिम वाली गर्भावस्था की पहचान कर समय पर प्रबंधन के निर्देश दिए गए। सभी महिलाओं को आयरन, कैल्शियम सहित जरूरी दवाएं भी निशुल्क दी गईं। शिविर में लैब टेक्नीशियन होमेश पांडे, स्टॉफ नर्स कलावती बघेल, धरती बघेल, यशोदा मौर्य, नरेंद्र लेखन पदमनि के साथ मितानिन कमला, फूलमती, बोमबत्ती, चित्रलेखा, सोनाय, उर्मिला, चितमानी, कुंती, बालमती ने सहयोग किया। प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान हर महीने की 9 तारीख को आयोजित किया जाता है। इसका उद्देश्य दूसरी और तीसरी तिमाही में गर्भवती महिलाओं को गुणवत्तापूर्ण प्रसव पूर्व देखभाल देना और मातृ-शिशु मृत्यु दर कम करना है। यह सेवाएं सभी सरकारी स्वास्थ्य केंद्रों और चिन्हित निजी अस्पतालों में निशुल्क उपलब्ध हैं।

## कांग्रेस पर लगाया सत्ता का दुरूपयोग करने का आरोप

# आपातकाल भारतीय लोकतंत्र का सबसे काला अध्याय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

भारतीय जनता पार्टी द्वारा देश में लगाए गए आपातकाल की 51वीं वर्षगांठ के अवसर पर संविधान हत्या दिवस के रूप में जिला मुख्यालय दंतेवाड़ा में प्रेसवार्ता आयोजित की गई। प्रेसवार्ता में वक्ताओं ने आपातकाल को

■ आपातकाल की 51वीं वर्षगांठ पर भाजपा की प्रेसवार्ता

भारतीय लोकतंत्र का सबसे काला अध्याय बताते हुए कांग्रेस पर लोकतांत्रिक मूल्यों के दमन और सत्ता के दुरुपयोग का आरोप लगाया।

भाजपा नेता पूर्व विधायक बस्तर डॉ. सुभाऊ कश्यप ने कहा कि 25 जून 1975 को लगाया गया आपातकाल भारतीय लोकतंत्र के



इतिहास का ऐसा दौर था, जब नागरिकों के मौलिक अधिकारों का हनन किया गया, अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर प्रतिबंध लगाए गए तथा लोकतांत्रिक संस्थाओं को कमजोर करने का प्रयास किया गया। उन्होंने कहा कि आपातकाल केवल एक राजनीतिक निर्णय नहीं था, बल्कि संविधान की भावना और लोकतांत्रिक परंपराओं पर सीधा आघात था। उन्होंने कहा कि उस दौर में लाखों लोकतंत्र सेनानियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं विपक्षी नेताओं को जेलों में डाल दिया गया था। प्रेस पर सेंसरशिप लगाकर सत्य की आवाज को दबाने का प्रयास किया गया। भाजपा आज भी उस काले अध्याय को याद करते हुए लोकतंत्र की रक्षा और संविधान के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दोहराती है। वक्ताओं ने कहा कि देश की युवा पीढ़ी को आपातकाल के इतिहास से अवगत कराना आवश्यक है, ताकि लोकतंत्र और संविधान की रक्षा के महत्व को समझा जा सके। भाजपा द्वारा पूरे देश में संविधान हत्या दिवस के माध्यम से जनजागरण कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

इस अवसर पर प्रदेश मीडिया पैनलिस्ट रामु नेताम, छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग सदस्य ओजस्वी मंडावी, जिला पंचायत अध्यक्ष नंदलाल मुड़ामी, भाजपा जिला उपाध्यक्ष मुकेश शर्मा, भाजपा जिला महामंत्री सत्यजीत चौहान, सांसद प्रतिनिधि नवीन विश्वकर्मा, जिला पंचायत उपाध्यक्ष अरविंद कुंजाम एवं जिला भाजपा जिला मीडिया प्रभारी राजेश कश्यप सहित भाजपा के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### बच्चों को नियमित स्कूल आने किया प्रेरित



**बस्तर।** खड़का मधोता और कुंडगुडा संकुल में 24 जून को शाला प्रवेश उत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष मनीराम कश्यप मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन से हुई। अतिथियों ने विद्यार्थियों को नियमित स्कूल आने, मन लगाकर पढ़ाई करने और उज्ज्वल भविष्य बनाने के लिए प्रेरित किया। नवप्रवेशी बच्चों का तिलक लगाकर और पुष्पमाला पहनाकर स्वागत किया गया। उन्हें निशुल्क पाठ्यपुस्तकें और गणवेश देकर विद्यालय परिवार में शामिल किया गया। इस अवसर पर मधोता सरपंच कलावती नाग, मंडल अध्यक्ष सुखदेव मंडावी, शाला प्रबंध समिति अध्यक्ष चमरुराम यादव, बस्तर बीआरसी अजम्बर कोर्राम, संकुल प्राचार्य श्यामलाल नेताम, रैमती नाग, वासुदेव यादव, नरेश ठाकुर, संजय ठाकुर, खड़का संकुल समन्वयक कृष्णा सिंह ठाकुर, कुंडगुड़ा संकुल समन्वयक हरदेव बघेल सहित दोनों संकुलों के शिक्षक-शिक्षिकाएं, छात्र-छात्राएं, पालक और वरिष्ठ नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# बच्चों का तिलक व माला पहनाकर हुआ स्वागत



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बचेली

आदर्श माध्यमिक शाला में नए शैक्षणिक सत्र के प्रारंभ होने पर शाला प्रवेशोत्सव का आयोजन किया गया। प्रथम बार विद्यालय की दहलीज पर कदम रखने वाले नन्हे-मुन्ने बच्चों के स्वागत के लिए स्कूल परिसर में हर्षोल्लास का माहौल था।

कार्यक्रम के दौरान स्कूल पहुंचे सभी नव-प्रवेशी छात्र-छात्राओं का भारतीय परंपरा के अनुसार तिलक लगाकर और माला पहनाकर आत्मीय स्वागत किया गया। बच्चों के उत्साह को दोगुना करने और उन्हें पढ़ाई के प्रति प्रेरित करने के लिए विद्यालय की ओर से निशुल्क गणवेश तथा पाठ्य पुस्तकें वितरित की गईं। नया गणवेश और वरिष्ठों का स्नेह पाकर बच्चों के चेहरों पर एक अलग ही मुस्कान और उत्साह देखने को मिला। इस गरिमामय उत्सव में स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराकर बच्चों का हौसला बढ़ाया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सूरज जायसवाल अध्यक्ष शाला समिति तथा हरीश शर्मा वार्ड पार्षद उपस्थित रहे। शाला समिति के अध्यक्ष सूरज जायसवाल ने बच्चों को नियमित रूप से स्कूल आने और पूरी लगन के साथ पढ़ाई करने के लिए प्रेरित किया। वहीं वार्ड पार्षद हरीश शर्मा ने बच्चों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि शिक्षा ही जीवन के विकास का मुख्य आधार है और बच्चे ही देश का भविष्य हैं।

# वन्य प्राणियों का शिकार व लकड़ी का अवैध परिवहन रोकने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

वन विभाग जगदलपुर वृत्त की नए पदस्थ मुख्य वन संरक्षक सुश्री स्टायलो मंडावी ने वन भूमि को अवैध कब्जों से मुक्त कराने और लघु वनोपज को बढ़ावा देने के लिए सख्त निर्देश जारी किए हैं। वन अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि वे वन क्षेत्रों में अवैध कटाई और अतिक्रमण को सख्ती से रोकें। सभी अवैध कब्जों का दस्तावेजीकरण करके, अतिक्रमण हटाने और वन भूमि को विभाग के अधीन लेने की प्रक्रिया तेज करने के आदेश दिए गए हैं। स्थानीय वनवासियों की आजीविका को मजबूत करने के लिए लघु वनोपज (जैसे तेंदूपत्ता, महुआ, हर्रा, बहेड़ा, चिरौंजी आदि) के संग्रहण और विपणन को प्रोत्साहित किया जाए। वन उपज आधारित गतिविधियों और वन धन विकास योजनाओं का विस्तार कर ग्रामीणों को रोजगार के अधिक अवसर उपलब्ध कराने पर जोर दिया गया है। वनों और पर्यावरण की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए शिकारियों पर पूर्ण अंकुश लगाने और अवैध काष्ठ (लकड़ी) के परिवहन को रोकें। अवैध लकड़ी और वन्य जीवों के अंगों की तस्करी रोकने के लिए संवेदनशील मार्गों और अंतर-राज्यीय सीमाओं पर विशेष वनोपज जांच नाका पर सघन चेकिंग करें। वन अमले को जंगलों में नियमित गश्त (पेट्रोलिंग) करने और संदिग्ध गतिविधियों पर जीरो टॉलरेंस (सख्त कार्रवाई) की नीति अपनाने के निर्देश दिए। ग्रामीणों को वन्यजीवों के बचाव में शामिल करने के साथ-साथ मुखबिर तंत्र को मजबूत करें।



■ वन भूमि पर अतिक्रमण रोकें और वनोपज का बढ़ावा : सीसीएफ

### पौधे लगाने पर दिया जोर

सुश्री मंडावी ने किसान वृक्ष मित्र योजना के 1303 हितग्राहियों पर विशेष ध्यान देने और किसानों की निजी भूमि पर व्यावसायिक वृक्षारोपण को प्रोत्साहित करने के निर्देश दिए। किसानों की खाली पड़ी निजी जमीनों पर व्यावसायिक पौधे जैसे टिशू कल्चर सागौन, क्लोनल नीलगिरी, बांस और फलदार पौधे लगाने पर जोर दिया जाए।

### किसानों की समस्याओं के त्वरित समाधान के निर्देश

**बीजापुर।** जिले में खेती-किसानी का कार्य सुचारू रूप से संचालित हो तथा किसानों को खाद, बीज, डीजल अथवा अन्य कृषि संबंधी समस्याओं का सामना न करना पड़े, इसके लिए कलेक्टर विश्वदीप ने जिले के सभी अनुविभागीय अधिकारियों (राजस्व) को आवश्यक निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने कहा है कि छत्तीसगढ़ शासन एवं जिला प्रशासन द्वारा खेती-किसानी को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है। किसानों की समस्याओं के त्वरित एवं प्रभावी समाधान के लिए जिला प्रशासन पूरी तरह सतर्क और सक्रिय है। उन्होंने जिले के किसानों से अपील की है कि कृषि कार्य से जुड़े खाद बीज एवं डीजल की समस्या होने पर अपने क्षेत्र के एसडीएम से सीधे संपर्क करें।

# 9 लाख रुपए के विकास कार्यों का भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दरभा

तोकापाल क्षेत्र के विकास को गति देने और ग्रामीण मूलभूत सुविधाओं को सुदृढ़ बनाने की दिशा में आज विधायक विनायक गोयल ने तोकापाल ब्लॉक के विभिन्न ग्राम पंचायतों में कुल 9.50 लाख रुपये

■ क्षेत्र की समग्र विकास के लिए लगातार हो रहे प्रयास

लागत के विकास कार्यों का विधिवत भूमिपूजन किया।

इस दौरान ग्राम पंचायत रायकोट में 3.30 लाख रुपये की लागत से बनने वाली सीसी सड़क निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया गया। वहीं ग्राम पंचायत एरण्डवाल के सवारी पारा में सुकरू के घर से कांजी हाउस तक सीसी सड़क निर्माण कार्य के लिए 3 लाख रुपये की लागत से होने वाले कार्य का शुभारंभ किया गया। इसके साथ ही ग्राम पंचायत कोयपाल में 3.20



लाख रुपये की लागत से बनने वाले स्नान घाट निर्माण कार्य का भी भूमिपूजन संपन्न हुआ। विधायक विनायक गोयल ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में सड़क, घाट एवं अन्य आधारभूत सुविधाओं का विकास उनकी प्राथमिकता है।

इन कार्यों के पूर्ण होने से ग्रामीणों को आवागमन में सुविधा मिलेगी तथा स्थानीय स्तर पर आवश्यक बुनियादी सुविधाएं मजबूत होंगी। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के समग्र विकास के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं और जनहित के कार्यों को प्राथमिकता के साथ स्वीकृत एवं क्रियान्वित कराया जा रहा है।

भूमिपूजन कार्यक्रम में पूरन सेठिया, गणेश सेठिया, विश्वनाथ बघेल, सरिता बैस, राजु मेहरा, बंटीं ठाकुर एवं अन्य जनप्रतिनिधि, पंचायत पदाधिकारी, ग्रामीणजन एवं क्षेत्र के गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। ग्रामीणों ने विकास कार्यों की स्वीकृति एवं शुभारंभ के लिए विधायक विनायक गोयल का आभार व्यक्त किया।

# एनएमडीसी ने किसानों को दिए फलदार पौधें



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बचेली

बागवानी आधारित आजीविका को प्रोत्साहित करने और ग्रामीण समुदायों की सामाजिक-आर्थिक स्थिति में सुधार करने के उद्देश्य से एनएमडीसी बचेली अपने सीएसआर विभाग द्वारा अनेक योजनाएं संचालित की हैं।

हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी ग्रामीण परिवारों के आजीविका को बढ़ावा देने के लिए 23 जून को एनएमडीसी सिविल नर्सरी बचेली में निःशुल्क फलदार पौधों का वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसके अंतर्गत ग्राम पंचायत नेरली के 20 ग्रामीणों को कुल 620 पौधे वितरित किए गए, जिनमें 140 आम, 300 लीची और 180 नारियल के पौधे शामिल हैं तथा ग्राम पंचायत बड़े बचेली के 32 ग्रामीणों को कुल 993 पौधे वितरित किए गए, जिनमें 224 आम, 481 लीची और 288 नारियल के पौधे शामिल हैं। इस वर्ष की योजना के अंतर्गत शुरआत में नेरली और बड़े बचेली ग्राम पंचायतों में आम, लीची और नारियल के कुल 1,613 फलों के पौधे वितरित किए गए हैं तथा आगामी दिनों में 10 पंचायतों को निःशुल्क फलदार पौधों का वितरण किया जायेगा, जिसमें भांसी, गमावाड़ा, बड़े कमेली, बेनपाल, गंजेनार, दुगेली, पाड़ापुर, धुरली तथा मोलसनार शामिल हैं।

इस वितरण कार्यक्रम को सफल बनाने में महेश एस नायर, महाप्रबंधक मानव संसाधन, जोसी थामस उप महाप्रबंधक मानव संसाधन सीएसआर तथा सौरभ कुमार उप महाप्रबंधक मानव संसाधन की गरिमामयी उपस्थिति रही। स्थानीय जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में ग्रामीण भी इस कार्यक्रम में उपस्थित हुए थे।

ग्रामीणों ने इस योजना की सराहना करते हुए एनएमडीसी, बचेली प्रबंधन का आभार प्रकट किया।

# कलेक्टोरेट में दिखने लगा अनुशासन, राष्ट्रगान के साथ कार्य की शुरुआत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुकमा

कलेक्टोरेट परिसर में प्रत्येक कार्यदिवस की शुरुआत राष्ट्रगान के साथ की जाती है। निर्धारित समय पर कलेक्टर की उपस्थिति में विभिन्न विभागों के सैकड़ों अधिकारी एवं कर्मचारी एकत्र होकर राष्ट्रगान में शामिल होते हैं और राष्ट्र के प्रति अपनी निष्ठा एवं सम्मान व्यक्त करते हैं।

■ प्रशासनिक कसावट और राष्ट्र प्रेम की अनूठी मिसाल

जिला प्रशासन सुकमा में अनुशासन, समयबद्धता और कार्य के प्रति समर्पण की एक नई और प्रेरक बयार बह रही है। कलेक्टर अमित कुमार की गरिमामयी उपस्थिति में प्रतिदिन की तरह मंगलवार को प्रातः ठीक 10 बजे कलेक्ट्रेट परिसर में अधिकारियों और कर्मचारियों ने सामूहिक रूप से राष्ट्रगान जन गण मन का गायन किया। जिला पंचायत सहित सुकमा के सभी शासकीय कार्यालयों





में प्रत्येक कार्यदिवस की शुरुआत इसी देशभक्ति की भावना के साथ की जा रही है।

**कलेक्टर ने खड़े होकर बढ़ाया उत्साह**

इस अवसर पर कलेक्टर अमित कुमार ने स्वयं अग्रिम पंक्ति में रहकर कर्मचारियों का उत्साह बढ़ाया और कहा कि राष्ट्रगान से दिन की शुरुआत न केवल कार्यस्थल पर सकारात्मक ऊर्जा का संचार करती है, बल्कि आम जनता की सेवा के प्रति जिम्मेदारी का भाव भी सुदृढ़ करती है। उन्होने कहा कि राष्ट्रगान केवल एक औपचारिकता नहीं, बल्कि राष्ट्र के प्रति सम्मान और जिम्मेदारी का प्रतीक है। इससे कर्मचारियों में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है तथा कार्य के प्रति समर्पण और अनुशासन की भावना मजबूत होती है।

कलेक्टर की उपस्थिति में प्रतिदिन आयोजित होने वाली यह परंपरा अन्य शासकीय संस्थानों के लिए भी प्रेरणास्त्रोत बन रही है। राष्ट्रगान के दौरान पूरा परिसर देशभक्ति के माहौल से ओतप्रोत हो जाता है और सभी अधिकारी-कर्मचारी एक स्वर में राष्ट्र के सम्मान में अपनी सहभागिता दर्ज कराते हैं। स्थानीय नागरिकों ने भी इस पहल की सराहना करते हुए कहा है कि शासकीय कार्यालयों में इस प्रकार की व्यवस्था से कर्मचारियों में अनुशासन बढ़ता है तथा राष्ट्र के प्रति सम्मान की भावना और अधिक सुदृढ़ होती है। सुकमा कलेक्टोरेट में विगत 6 महीनों से लगातार चल रही इस अनूठी पहल का सीधा और सकारात्मक असर अब धरातल पर दिखने लगा है। राष्ट्रगान के तुरंत बाद सभी अधिकारी-कर्मचारी एक नई उमंग और अनुशासन के साथ अपने-अपने विभागों की ओर रुख करते हैं। इस व्यवस्था ने दफ्तरों में लेट-लतीफी के कल्चर को पूरी तरह खत्म कर दिया है, जिससे प्रशासनिक कार्यों में अभूतपूर्व सक्रियता और प्रभावशीलता आई है।

### हर्ष जिला कोषाध्यक्ष और पूजा को ब्लॉक अध्यक्ष की मिली जिम्मेदारी





**गीदम।** छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग ने जिला और ब्लॉक स्तर पर नई नियुक्तियां की हैं। संगठन ने गीदम के सक्रिय कार्यकर्ता हर्ष लोढ़ा को दंतेवाड़ा जिला अल्पसंख्यक विभाग का कोषाध्यक्ष और पूजा जैन को ब्लॉक अध्यक्ष गीदम नियुक्त किया है। इन नियुक्तियों को युवाओं और महिलाओं को नेतृत्व देने की दिशा में अहम कदम माना जा रहा है। हर्ष लोढ़ा लंबे समय से कांग्रेस की विचारधारा से जुड़कर संगठनात्मक गतिविधियों में सक्रिय हैं। युवाओं के बीच उनकी अच्छी पहचान है और वे सामाजिक कार्यों में भी लगातार सहभागिता निभाते रहे हैं। उनकी मेहनत और समर्पण को देखते हुए पार्टी ने उन्हें जिला स्तर की जिम्मेदारी सौंपी है। वहीं पूजा जैन सामाजिक और संगठनात्मक गतिविधियों में निरंतर सक्रिय रही हैं। महिलाओं के बीच संगठन को मजबूत करने और कांग्रेस की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने में उनकी अहम भूमिका रही है। इसी के चलते उन्हें गीदम ब्लॉक अध्यक्ष बनाया गया है। नवनियुक्त पदाधिकारियों ने कांग्रेस नेतृत्व का आभार जताया। हर्ष लोढ़ा ने कहा कि कांग्रेस सत्य, न्याय और संविधान की रक्षा के लिए संघर्ष करती है। वे पार्टी की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाएंगे। पूजा जैन ने कहा कि यह जिम्मेदारी उनके लिए सम्मान के साथ बड़ी जवाबदेही भी है। वे महिलाओं, युवाओं और सभी वर्गों को कांग्रेस से जोड़ने का कार्य करेंगी। नियुक्ति की खबर से कांग्रेस कार्यकर्ताओं में खुशी का माहौल है। कार्यकर्ताओं को उम्मीद है कि दोनों नेताओं के नेतृत्व में अल्पसंख्यक विभाग और मजबूत होगा तथा गीदम क्षेत्र में संगठन को नई ऊर्जा मिलेगी।

# बारसूर में बच्चों ने किया थाना भवन का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम

दंतेवाड़ा जिले की पर्यटन नगरी बारसूर में नवनिर्मित थाना भवन का उद्घाटन अनोखे अंदाज में किया गया। दंतेवाड़ा पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर थाना भवन का उद्घाटन नन्हे-मुन्ने बच्चों के हाथों कराया गया। बच्चों ने फीता काटकर और नारियल फोड़कर नए थाना भवन का शुभारंभ किया। इसके बाद वे नए



भवन में प्रवेश कर बेहद खुश नजर आए। कार्यक्रम की शुरुआत बारसूर थाना क्षेत्र प्रभारी एसडीओपी जितेन्द्र कुम्भकार, थाना प्रभारी संजय उरसा, मालेवाही थाना प्रभारी नरेश सलाम और सहायक उपनिरीक्षक जगदीश चंद्र पाटीदार ने बच्चों के साथ आरती दिखाकर की। इस अवसर पर बारसूर थाना क्षेत्र से बड़ी संख्या में ग्रामीणजन और महिला स्टाफ भी मौजूद रहे। पुलिस की इस पहल की सभी ने सराहना की। बच्चों के हाथों उद्घाटन कराने का उद्देश्य पुलिस और आम जनता के बीच बेहतर संबंध स्थापित करना और बच्चों में पुलिस के प्रति विश्वास बढ़ाना था।

### बारिश से पहले नगर में सफाई अभियान तेज

**दंतेवाड़ा।** आगामी मानसून को देखते हुए नगरवासियों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े, इसके लिए नगर पालिका उपाध्यक्ष गुप्त कैलाश मिश्रा के नेतृत्व में नगर के विभिन्न क्षेत्रों में विशेष सफाई अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत सड़कों, नालियों एवं सार्वजनिक स्थानों की साफ-सफाई के साथ-साथ बिजली के तारों पर लटक रही पेड़ों की टहनियों की भी कटाई की जा रही है। नगर में कई स्थानों पर पेड़ों की शाखाएं बिजली के तारों को छू रही थीं, जिससे बारिश और तेज हवाओं के दौरान बिजली बाधित होने तथा दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है। इसे ध्यान में रखते हुए नगर पालिका की टीम द्वारा आवश्यक स्थानों पर पेड़ों की छंटाई कर सुरक्षा सुनिश्चित की जा रही है। उपाध्यक्ष गुप्त कैलाश मिश्रा ने कहा कि नगरवासियों की सुविधा और सुरक्षा उनकी प्राथमिकता है।